हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
नवाबगंज, कानपुर – 208002, उ.प्र., भारत
**HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY**
NAWABGANJ, KANPUR - 208002, U.P., INDIA
**(Formerly Harcourt Butler Technological Institute, Kanpur)**
Phone : +91-0512-2534001-5, 2533812, website : http://www.hbtu.ac.in, Email : vc@hbtu.ac.in

**Ref. No: 620/DoRD/2026** **Date:24/09/2026**

**<u>Dean of Schools</u>**

***Reg.- proposal entries for the State-Level "Faculty Innovate-UPTED" program.***

With reference to Government of Uttar Pradesh Office Order No. 88/2026/आई/1448694/2026/16-3099/26/2026 dated 01 September 2026 and Registrar's Office Letter No. 1265/GA/Vivid/2026 dated 05 September 2026, it is hereby informed that the Government of Uttar Pradesh is organizing a State-Level Faculty Innovation Competition and Exhibition, "Faculty Innovate-UPTED," for faculty members of all engineering institutions (Degree/Diploma) in the state.

- ✓ *First Prize: ₹ 1,00,000 + Certificate + Trophy*
- ✓ *Second Prize: ₹ 75,000 + Certificate*
- ✓ *Third Prize: ₹ 50,000 + Certificate*
- ✓ *Consolation Prizes (5): ₹ 25,000 + Certificate each*
- ✓ *Best Institutional Participation Award will also be given.*

All regular and contractual faculty members, including Workshop Superintendents/Instructors, are eligible to participate, either individually or in teams of up to three members, with at least one regular faculty member in each team.

All school are requested to circulate the information and encourage active participation. At least one quality proposal from each Department is expected. This is an excellent opportunity to showcase faculty innovations at the state level and enhance the Institution's recognition. Active participation from all Departments is earnestly solicited. The portal is reopened for project entries.

**Enclosure:** As above

**(Prof. Rajesh Kumar Verma)**
**Dean-Research & Development**

**Copy to the following for kind information and needful:**

1. All HoD with a request to motive/instruct faculty members to submit the project.
2. Dean, Incubation Hub
3. Registrar
4. Finance Controller
5. System Manager for circulation on the university website.
6. Staff officer VCS: for kind information to the Hon'ble Vice Chancellor.

**ई-मेल**

**शीर्ष प्राथमिकता/अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध**

**संख्या- 88/2026/आई/1448694/2026/16-3099/26/2026**

प्रेषक,

विनोद कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. कुलसचिव, ए०के०टी०यू०, उ०प्र० लखनऊ।
2. कुलसचिव, एच०बी०टी०यू०, उ०प्र० कानपुर।
3. कुलसचिव, एम०एम०एम०यू०टी०, उ०प्र० गोरखपुर।
4. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र०, कानपुर।
5. निदेशक, समस्त राजकीय इंजीनियरिंग कालेज/राजकीय अभियंत्रण संस्थान, उ०प्र०।
6. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश।(द्वारा निदेशक, प्रा0शि0)
7. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
9. समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय/अनुदानित पालीटेक्निक, उ0प्र0। (द्वारा निदेशक, प्रा0शि0)

**प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 01 सितम्बर, 2026**

विषय- राज्य स्तरीय संकाय नवाचार प्रदर्शनी एवं प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग संस्थानों में संकाय सदस्यों की रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करने, उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान विकसित करने तथा संस्थागत प्रयोगशाला अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त 'Faculty Innovate-UPTED' नामक राज्य स्तरीय संकाय नवाचार प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसके क्रियाकलाप निम्नवत् होगें-

**<u>प्रतियोगिता के उद्देश्य</u>**

1. संकाय सदस्यों द्वारा नवीन प्रयोगों एवं प्रदर्शन मॉडलों के विकास हेतु प्रशिक्षणार्थियों में मौलिकता एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना।
2. औद्योगिक, कृषि, पर्यावरणीय चुनौतियों के साथ-साथ सामाजिक समस्याओं आदि का तथ्यपरक समाधान विकसित करना।
3. सिद्धांत आधारित प्रयोगात्मक कार्यों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में सृजनात्मक के विकास एवं Hands-on practice के दृष्टिगत मॉडलों का निर्माण कर प्रदर्शनी का आयोजन |
4. उद्योगों में वर्तमान की नई चुनौतियों/समस्याओं के दृष्टिगत प्रोजेक्ट एवं मॉडल की सूची तैयार कराना।
5. उत्कृष्ट संकाय योगदान को पहचान कर पुरस्कृत करना, समस्त संकाय सदस्यों के मध्य प्रतिस्पर्धा स्थापित कर संस्थानों की प्रयोगशालाओं के उन्नयन एवं नवाचार हेतु प्रेरित करना |
6. संकाय एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाये जाने वाले मॉडलों/प्रयोगों में से उच्च गुणवत्ता वाले एवं व्यावसायिक महत्त्व वाले प्रयोगों एवं मॉडलों का राज्यस्तरीय Repository तैयार करना |

**<u>प्रस्तावित प्रतियोगिता संरचना</u> Faculty Innovate-UPTED**

"उत्तर प्रदेश के लिए नवाचारी प्रयोग एवं वास्तविक जीवन समाधान"

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

**प्रतियोगिता की श्रेणियाँ:**

(किसी एक या अधिक में)

1. कोर डिप्लोमा विषयों (यांत्रिक, सिविल, विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, केमिकल आदि) में नए/नवाचारी प्रयोग

2. नवाचारी / परिष्कृत शिक्षण सहायक उपकरण एवं प्रदर्शन मॉडल

3. वास्तविक जीवन की समस्याओं (जैसे जल संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन, स्मार्ट कृषि, ग्रामीण विद्युतीकरण, यातायात समाधान, ग्रामीण क्षेत्रों हेतु स्वास्थ्य उपकरण आदि) पर आधारित कार्यशील मॉडल/प्रोटोटाइप

4. अंतरविषयी/बहु-कौशल समाधान, जो NEP-2020, आत्मनिर्भर भारत, स्किल इंडिया एवं राज्य विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप हो।

**पात्रता (Eligibility)**

- BTEUP से संबद्ध पॉलिटेक्निक एवं AKTU से संबद्ध इंजीनियरिंग (डिग्री) कॉलेज, विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी नियमित/संविदा संकाय सदस्य
- वर्कशॉप अधीक्षक/प्रशिक्षक भी पात्र होंगे।

**व्यक्तिगत / टीम प्रविष्टि**

- कोई भी संकाय सदस्य व्यक्तिगत या 3 सदस्यों का समूह बनाकर प्रतियोगिता हेतु पंजीकृत कर सकता है| (कम से कम एक सदस्य नियमित संकाय होना अनिवार्य)
- अधिक से अधिक व्यक्तिगत/ टीम की प्रविष्टियों को आमंत्रित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा|
- संस्थानों के सभी संकाय सदस्यों को प्रतियोगिता में भागीदारी के साथ न्यूनतम तीन प्रवृष्टियाँ प्रेषित करना अनिवार्य होगा ।

**पंजीकरण एवं प्रतिभागिता (Registration & Participation)**

- इंजीनियरिंग डिग्री कॉलेज (AKTU सम्बद्ध), विश्वविद्यालय एवं पॉलिटेक्निक (BTEUP सम्बद्ध) के सभी प्रतिभाग लेने वाले संकाय सदस्यों को निर्धारित प्रारूपों/URISE पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।
- पंजीकरण प्रारूप (व्यक्तिगत टीम भागीदारी, संस्थागत अग्रेषण, मौलिकता घोषणा आदि) निदेशालय प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश (UPTED) द्वारा पृथक से अंतिम रूप देकर अधिसूचित किए जाएंगे।
- Faculty Innovate-UPTED प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु पंजीकरण अनिवार्य होगा।

**आयोजन हेतु प्रस्तावित तिथियाँ :**

| आयोजन/कार्यवाही | वर्ष 2026 के लिए निर्धारित तिथि | वर्ष 2027 से आगामी वर्षों के लिए निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| घोषणा एवं प्रविष्टि आमंत्रण: | 15 सितम्बर, 2026 | प्रत्येक वर्ष 01 मार्च |
| अवधारणा पत्र/पंजीकरण की अंतिम तिथि: | 20 सितम्बर, 2026 | प्रत्येक वर्ष 05 मार्च |
| परिकल्पना प्रस्तुतीकरण | 05 अक्टूबर, 2026 | प्रत्येक वर्ष 10 मार्च |
| अंतिम प्रविष्टि (वीडियो रिपोर्ट फोटो): | 20 अक्टूबर, 2026 | प्रत्येक वर्ष 31 मार्च |
| प्रविष्टियों की स्क्रीनिंग | 31 अक्टूबर, 2026 | प्रत्येक वर्ष 05 अप्रैल |
| मूल्यांकन शॉर्टलिस्टिंग, राज्य-स्तरीय प्रदर्शनी एवं अंतिम निर्णयन: | नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह में | अप्रैल के तृतीय सप्ताह में |
| परिणाम घोषणा एवं पुरस्कार वितरण | नवम्बर माह के तृतीय सप्ताह में | समापन सत्र के दौरान |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।
http://shasanadesh.up.gov.in

**प्रस्तुतीकरण प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देश**

यूराइज टीम द्वारा एक पोर्टल विकसित किया जायेगा जिसमें निम्न बिन्दुओं का प्राविधान रहेगा।

**1. संस्थागत स्क्रीनिंग**

- प्रत्येक पॉलिटेक्निक/डिग्री कॉलेज में प्राचार्य की अध्यक्षता में संस्थागत स्क्रीनिंग समिति गठित की जाएगी।
- अधिकतम 5 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियाँ ही IRDT, कानपुर को अग्रेषित की जाएँगी।

**2. प्रविष्टि प्रारूप**

प्रविष्टियों की परिकल्पना अधिकतम मूल धारणा से प्रेरित रहेगी । मूल धारणा के रूप में AI तकनीक का उपयोग अनुमन्य नहीं होगा परंतु मूल अवधारणा को सशक्त एवं विस्तृत बनाने के लिए AI का उपयोग किया जा सकता है। प्रविष्टियों की स्क्रीनिंग स्तर पर ही किसी भी प्रकार की प्लेजरिज्म (Plagrism) का परीक्षण कराया जायेगा।

- एक पृष्ठीय परिकल्पना जिसमें समस्या के समाधान हेतु अभिनव एवं उपयोगी अवधारणा प्रस्तुत करनी होगी जो उत्तर प्रदेश/ समाज के लिए प्रासंगिक होगी परियोजना की लागत और सम्बधित विषय से सम्बन्ध होकर विद्यार्थियों के कौशल विकास को सुदृढ करती हो।
- 4-6 पृष्ठ की तकनीकी रिपोर्ट
- 4-8 उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें
- 2-5 मिनट का वीडियो प्रदर्शन

**3.प्रस्तुतीकरण माध्यम पोर्टल आधारित प्रणाली**

- पंजीकरण, दस्तावेज अपलोड, वीडियो सबमिशन एवं प्रस्तुतियों हेतु एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जाएगा।
- अवधारणा पत्र, तकनीकी रिपोर्ट, फोटोग्राफ, वीडियो प्रदर्शन एवं संस्थागत सत्यापन सहित सभी प्रस्तुतियाँ केवल पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी।

**4.मूल्यांकन मानदंड (कुल 100 अंक)**

- मौलिकता एवं नवाचार- 25
- तकनीकी शुद्धता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण 20
- वास्तविक जीवन/UP-विशिष्ट प्रासंगिकता 20
- लागत प्रभावशीलता एवं विस्तार योग्यता 15
- प्रस्तुति गुणवत्ता 10
- प्रयोगशाला उन्नयन/पुनरुत्पादन की संभावना 10

**5.पोर्टल का उपयोग निम्नलिखित हेतु भी किया जाएगा:**

- चयनित परियोजनाओं का दस्तावेजीकरण एवं अभिलेखीकरण
- ऑनलाइन मूल्यांकन एवं शॉर्टलिस्टिंग
- NITI Aayog, राज्य सरकार, उद्योग आदि उच्च मंचों हेतु प्रस्तुति/प्रस्ताव तैयार करना
- संकाय नवाचार परियोजनाओं का राज्य स्तरीय डिजिटल रिपॉजिटरी तैयार करना

पोर्टल से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, लाग-इन विवरण एवं समय-सीमा पृथक से अधिसूचित की जाएगी।

**पुरस्कार एवं प्रोत्साहन (प्रस्तावित)-डिप्लोमा एवं डिग्री**

- प्रथम पुरस्कार ₹1,00,000 प्रमाण-पत्र ट्रॉफी
- द्वितीय पुरस्कारः ₹75,000 + प्रमाण-पत्र
- तृतीय पुरस्कारः ₹50,000 + प्रमाण-पत्र

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।
http://shasanadesh.up.gov.in

- सांत्वना पुरस्कार (5): ₹25,000+ प्रमाण-पत्र
- सर्वश्रेष्ठ संस्थागत सहभागिता पुरस्कार

चयनित शीर्ष 15–20 प्रयोगों / मॉडलों का दस्तावेज़ीकरण किया जाएगा तथा सभी पॉलिटेक्निक संस्थानों के लाभ हेतु आधिकारिक **DTE/BTEUP पोर्टल** पर खुले शैक्षणिक संसाधन (Open Educational Resources) के रूप में साझा किया जाएगा।

(प्रयोगों एवं मॉडलों के बौद्धिक संपदा अधिकार निर्माता के साथ साझा किए जाएंगे तथा जहाँ भी लागू होगा, उचित श्रेय दिया जाएगा। मॉडलों एवं प्रयोगों के संभावित व्यावसायीकरण की स्थिति में निर्माता को पेटेंट सहायता एवं सहभागिता हिस्सेदारी भी प्रदान की जाएगी।)

**<u>संस्थानों के प्राचार्यों / निदेशकों हेतु निर्देश डिग्री एवं डिप्लोमा सेक्टर</u>**

1. सभी संकाय सदस्यों में इस पहल का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।
2. वर्ष 2026 में 20 अक्टूबर, 2026 तक तथा तदुपरान्त प्रत्येक वर्ष 08 मार्च तक आंतरिक विचार-विमर्श एवं स्क्रीनिंग आयोजित करें।
3. प्रयोगशाला सुविधाएँ, उपभोग्य सामग्री एवं सहयोग उपलब्ध कराएँ।
4. यह सुनिश्चित करें कि प्रविष्टियों वास्तव में संकाय द्वारा विकसित हो।
5. संस्था स्तर एक नोडल संकाय नामित करें।

**<u>परियोजना सहयोग एवं प्रयोगशाला उपलब्धता</u>**

- सभी भाग लेने वाले संस्थान संकाय को आवश्यक प्रयोगशाला, अवसंरचना, उपकरण एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगे।
- परियोजनाओं हेतु मौजूदा प्रयोगशालाओं, वर्कशॉप एवं सुविधाओं का उपयोग किया जा सकता है।
- उपभोग्य सामग्री, छोटे घटक, फैब्रिकेशन एवं परीक्षण सुविधाएँ संस्थागत स्तर पर उपलब्ध कराई जाएंगी।
- वर्ष 2026 में 20 अक्टूबर, 2026 तक तथा तदुपरान्त प्रत्येक वर्ष 08 मार्च तक आंतरिक विचार-विमर्श / स्क्रीनिंग सत्रों का आयोजन करें।
- सीमित वित्तीय लागत की स्थिति में, सहायता संस्थागत प्रावधान/नवाचार निधि/स्थानीय व्यवस्था से की जाएगी।
- समन्वय हेतु प्रत्येक संस्थान से एक नोडल फैकल्टी नामित करें (नाम, मोबाइल नंबर एवं ईमेल प्रस्तुत करें)।
- संस्थान इन परियोजनाओं को संकाय-नेतृत्व वाले नवाचार एवं प्रयोगशाला उन्नयन पहल के रूप में लें।
- संस्थानों के विभागाध्यक्ष ये सुनिश्चित करेंगे कि प्रविष्टियों की परिकल्पना मूल धारणा से ही प्रेरित रहेगी एवं मूल धारणा को सशक्त और प्रभावी बनाने के लिए ही AI तकनीकी का उपयोग अनुमन्य रहेगा।

2. राज्य-स्तरीय संकाय नवाचार प्रदर्शनी एवं प्रतिस्पर्धा आयोजन संबंधी पुरस्कार एवं प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान डिग्री सेक्टर हेतु ए0के0टी0यू0 द्वारा एवं डिप्लोमा सेक्टर हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा अपने स्रोतों से किया जाएगा।

कृपया उपर्युक्त निर्णय के क्रम में समयबद्ध से आवश्य कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
विनोद कुमार
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

**<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या-115/महानि0/प्रा0शि0/2026, दिनांक 20.02.2026 के संदर्भ में।
2. प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1 व 2

आज्ञा से,
विनोद कुमार
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।